कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

9, सरोजनी नायडू मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज-211001

विज्ञप्ति

सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि शैक्षिक सत्र 2026–27 में कक्षा 09 एवं 11 के अग्रिम पंजीकरण तथा कक्षा 10 एवं 12 के परीक्षा आवेदन–पत्र परिषद के पोर्टल पर ऑनलाइन भरे जाने के उपरान्त, सम्बन्धित संस्था के प्रधान द्वारा पंजीकृत अभ्यर्थियों की फोटोयुक्त नामावली डाउनलोड कर, कोषपत्र की एक प्रति सहित क्षेत्रीय कार्यालय को प्रेषित किए जाने हेतु दिनांक 15.10.2026 तक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा किया जाना अनिवार्य है।

कतिपय जनपदों के प्रधानाचार्यों द्वारा अवगत कराया गया है कि विभिन्न प्रकार की विसंगतियों के कारण उनके विद्यालयों की नामावली जनरेट/डाउनलोड नहीं हो पा रही है। उक्त समस्या के दृष्टिगत परिषद के पोर्टल पर सम्बन्धित विसंगतियों के निराकरण हेतु आवश्यक विकल्प उपलब्ध करा दिए गए हैं। इनमें विद्यार्थियों की फोटो अपलोड न होने की स्थिति में फोटो अपलोड करने, शुल्क चालान/आवश्यक अभिलेख अपलोड न होने की दशा में सम्बन्धित अभिलेख अपलोड करने तथा डुप्लीकेट पंजीकरण की स्थिति में निरस्त किए जाने वाले पंजीकरण का डेटा डिलीट करने के विकल्प सम्मिलित हैं।

अतः सम्बन्धित संस्था के प्रधानाचार्य अपने विद्यालय से सम्बन्धित विसंगतियों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करें। सभी विद्यालय फोटोयुक्त नामावली डाउनलोड कर, कोषपत्र की एक प्रति सहित निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दिनांक 15.10.2026 तक सम्बन्धित जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करें। निर्धारित समयसीमा में उक्त कार्यवाही पूर्ण करने का उत्तरदायित्व सम्बन्धित संस्था के प्रधान का होगा।

(भगवती सिंह)
सचिव

पृ0सं0: मा0शि0प0/सिस्टम सेल/10226(1-4) दिनांक : 12/10/2026

उक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1– सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उक्त विज्ञप्ति को छात्रहित में अपने सम्मानित समाचार पत्र के समस्त संस्करणों के मुख्य पृष्ठ पर निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2– मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक/उप शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
3– अपर सचिव, मा0शि0प0, क्षे0का0, मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी एवं गोरखपुर।
4– जिला विद्यालय निरीक्षक, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

12/10/26
(भगवती सिंह)
सचिव

Office Phone No. 0532-2622767, 2623182, 2623820
Camp Office Phone No. 0532-2260220, 2256860
Helpline No. 1800-180-5310 & 1800-180-5312
Website- upmsp.edu.in
Email- upmspprayagraj@gmail.com & upmspho@gmail.com

Follow us :
@upboardpryj
Madhyamik Shiksha Parishad Uttar Pradesh